भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1773
उत्तर देने की तारीख : 28.11.2019

मुहर्रम के जुलूस के दौरान हिंसा

1773. श्रीमती लॉकेट चटर्जीः

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मुहर्रम के जुलूस के दौरान हुई हिंसा में प्रभावित हुए लोगों का राज्य–वार ब्यौरा क्या है;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान मुहर्रम के कारण पश्चिम बंगाल में हिंसा से प्रभावित हुए लोगों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने मुहर्रम के दौरान लोगों द्वारा की जाने वाली हिंसा को कम करने के प्रति लोगों को शिक्षित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)

(क) से (ग): 'पुलिस' और 'लोक व्यवस्था' भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्य के विषय हैं तथा राज्य सरकारें अपनी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से अपराधों की रोकथाम, उनका पता लगाने, पंजीकरण करने एवं जांच तथा अपराधियों पर मुकदमा चलाने के लिए जिम्मेदार हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो में इस तरह के आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

******